# त्रि-स्तरीय पंचायत उप निर्वाचन के लिए कार्यक्रम घोषित... 16 दिसम्बर से भरे जायेंगे नामांकन




**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदेश के विभिन्न जिलों में त्रि-स्तरीय पंचायतों के रिक्त पदों की पूर्ति के लिए उप निर्वाचन हेतु कार्यक्रम जारी किया गया है। जिसके अनुसार 16 दिसम्बर से नामांकन भरे जायेंगे।

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्य में एक जिला पंचायत सदस्य, 10 जनपद पंचायत सदस्य, 127 सरपंच तथा 597 पंच इस तरह कुल 735 रिक्त पदों पर निर्वाचन के लिए निर्वाचक नामावली तैयार-पुनरीक्षण के पश्चात 06 दिसम्बर को अंतिम प्रकाशन कर इन क्षेत्रों में उप निर्वाचन कराये जाने का निर्णय लिया गया है। जिसके लिए कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। त्रि-स्तरीय पंचायतों के निर्वाचन गैर दलीय आधार पर होंगे। मतदान मतपत्र द्वारा राज्य निर्वाचन आयोग की मतपेटी से कराया जायेगा। निर्वाचन की घोषणा के साथ ही परिणाम की घोषणा तक ऐसे निर्वाचन क्षेत्रों में जहां निर्वाचन संपन्न होना है, आदर्श आचरण संहिता लागू रहेगी।

**त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन हेतु कार्यक्रम-** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन 2022 हेतु पंचायत निर्वाचन नियम 1995 के नियम 28 के अनुसार समयबद्ध कार्यक्रम जारी किया गया। जिसके अनुसार निर्वाचन की सूचना का प्रकाशन 16 दिसम्बर प्रात: 10:30 बजे होगा एवं इसी समय से नामनिर्देशन पत्र प्राप्त करने की शुरूआत की जाएगी। स्थानों के आरक्षण के संबंध में सूचना का प्रकाशन एवं मतदान केन्द्रों की सूची का प्रकाशन 16 दिसम्बर प्रात: 10.30 बजे होगा। नामनिर्देशन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि 23 दिसम्बर दोपहर 03:00 बजे तक निर्धारित की गयी है। नामनिर्देशन पत्रों की संवीक्षा 24 दिसम्बर प्रात: 10:30 बजे से किया जायेगा। अभ्यर्थिता से नाम वापस लेने की अंतिम तिथि 26 दिसम्बर दोपहर 3:00 बजे तक है। निर्वाचन लडऩे वाले अभ्यर्थियों की सूची तैयार कर निर्वाचन प्रतीकों का आबंटन 26 दिसम्बर अपरान्ह 03:00 बजे के बाद किया जाएगा। निर्वाचन लडऩे वाले अभ्यर्थियों की सूची का प्रकाशन 26 दिसम्बर को प्रतीक आबंटन के तुरंत बाद किया जाएगा।

**मतदान एवं मतगणना 9 जनवरी को-** त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन हेतु मतदान (यदि आवश्यक हो) 09 जनवरी 2023 सोमवार प्रात: 07:00 बजे से अपरान्ह 03:00 बजे तक होगा। मतगणना मतदान केंद्रों पर 09 जनवरी को मतदान समाप्ति के बाद और यदि आवश्यक हो तो तहसील, खण्ड मुख्यालय पर 11 जनवरी 2023 बुधवार को अपरान्ह 03:00 बजे से होगा। सारणीकरण एवं निर्वाचन परिणाम की घोषणा 12 जनवरी 2023 को प्रात: 09:00 बजे से जिला पंचायत सदस्य हेतु जिला मुख्यालय में एवं जनपद सदस्य, सरपंच एवं पंच के लिए खण्ड मुख्यालयों में होगी।

# धान खरीदी महाअभियान: महज तीन पखवाड़े में किसानों से 43.74 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी

- राज्य के 11.42 लाख किसानों को ऑनलाईन 9057 करोड़ रूपए का भुगतान
- अब तक के धान खरीदी में से 50 प्रतिशत से अधिक का हुआ उठाव

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मार्गदर्शन में राज्य में किसानों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का आकड़ा अनुमानित लक्ष्य की ओर निरंतर बढ़ता जा रहा है। धान खरीदी महाअभियान के महज तीसरे पखवाड़े तक 43 लाख 73 हजार 591 मीट्रिक टन धान का उपार्जन किया जा चुका है, जिसके एवज में राज्य के 11 लाख 42 हजार 055 किसानों को 9057 करोड़ रूपए का भुगतान बैंक लिंकिंग व्यवस्था के तहत किया गया है। गौरतलब है कि पिछले वर्ष मुख्यमंत्री के मागदर्शन में धान खरीदी के साथ-साथ कस्टम मिलिंग का कार्य सुचारू रूप से संपन्न हुआ था। किसानों को धान विक्रय में सहुलियत एवं मिलर्स के धान उठाव के लिए बारदाने की भी बेहतर व्यवस्था के कारण सफलतापूर्वक धान की खरीदी एंव कस्टम मिलिंग हुई थी। पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी धान खरीदी के साथ-साथ कस्टम मिलिंग के लिए निरंतर धान का उठाव जारी है। अब तक के धान खरीदी में से 50 प्रतिशत से अधिक धान का उठाव हो चुका है।

खाद्य विभाग के सचिव टोपेश्वर वर्मा ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा किसानों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदने के लिए सामान्य टोकन के साथ ही ऑनलाइन टोकन जारी करने की व्यवस्था की गई है। जिसके चलते किसानों को सहूलियत होने लगी है। बड़ी संख्या में किसान टोकन तुंहर हाथ एप के माध्यम से धान बेचने के लिए अपनी मर्जी के मुताबिक तिथि का चयन कर रहें हैं। उन्होंने बताया कि इस साल राज्य में 25.92 लाख किसानों का पंजीयन हुआ है, जिसमें लगभग 2.26 लाख नये किसान शामिल हैं। राज्य में धान खरीदी के लिए 2594 उपार्जन केन्द्र बनाए गए हैं। सामान्य धान 2040 रूपए प्रति क्विंटल तथा ग्रेड-ए धान 2060 रूपए प्रति क्विंटल की दर से खरीदा जा रहा है। राज्य में धान खरीदी की व्यवस्था पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। सीमावर्ती राज्यों से धान के अवैध परिवहन को रोकने के लिए चेक पोस्ट पर माल वाहकों की चेकिंग की जा रही है।

अधिकारियों ने बताया कि अब तक 34.56 लाख मीट्रिक टन धान के उठाव के लिए डी.ओ. जारी किया गया है, जिसके एवज में उपार्जन केंद्रों से 26.28 लाख मीट्रिक टन धान का उठाव हो चुका है। प्रदेश में आज 12 दिसम्बर को 53 हजार 284 किसानों से 1,87,162 मीट्रिक टन धान की खरीदी की गई है, इसके अलावा ऑनलाइन प्राप्त टोकन के जरिए किसानों से 64 हजार 240 मीट्रिक टन से अधिक धान की भी खरीदी हुई हैं। आगामी दिवस की धान खरीदी के लिए 75,639 टोकन तथा टोकन तुंहर हाथ एप के जरिये 17,966 टोकन ऑनलाइन जारी किए गए हैं।

# कुम्हारी फ्लाईओवर दुर्घटना में जिम्मेदार ठेका कंपनी के लोगों की होगी शीघ्र गिरफ्तारी

- चारों फ्लाईओवर में लगाए लगाए जाएंगे सीसीटीवी कैमरे
- कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा ने एन एच के अधिकारियों को दिए सुरक्षा संबंधी निर्देश

**पाटन (आरएनएस)।** कुम्हारी फ्लाईओवर दुर्घटना के लिए जिम्मेदार ठेका एजेंसी के अधिकारियों-कर्मचारियों की गिरफ्तारी 2-3 दिनों के भीतर कर ली जाएगी। कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा ने इस संबंध में बताया कि फ्लाईओवर निर्माण के दौरान रोड बंद रखने की जिम्मेदारी निर्माण करने वाली ठेका एजेंसी की होती है उन्होंने इसमें लापरवाही की है। इसके लिए उन पर धारा 304 लगाई गई है। दो-तीन दिनों के भीतर हादसे के लिए जिम्मेदार ठेका कंपनी के लोगों की गिरफ्तारी की जाएगी। हादसे के लिए ठेका कंपनी के जो अधिकारी-कर्मचारी जिम्मेदार पाए जाते हैं, उनमें ऊंचे पदों पर बैठे लोगों से लेकर जिम्मेदार निचले अमले तक हादसे के लिए जिम्मेदार लोगों को चिन्हांकित कर सभी की गिरफ्तारी की जाएगी। कलेक्टर ने बताया कि निर्माणाधीन फ्लाईओवर में बैरिकेडिंग कर दी गई है तथा सीमेंट की दीवार भी बना दी गई है। इसके अलावा डिवाइडर भी चेक कर लिए गए हैं।

# पिकअप ने स्कूटी को मारी टक्कर, वृद्धा की मौत

**कोरबा (आरएनएस)।** शहर में रिश्तेदार के घर आयोजित कार्यक्रम में शामिल से लौट रही वृद्धा की सडक़ हादसे में मौत हो गई। वही एक्टिवा चला रहा युवक घायल हो गया। दुर्घटनाकारित पिकअप का चालक मौके से भाग गया।

जांजगीर.चांपा जिले के मड़वा गांव की रहने वाली 70 वर्षीय वृद्धा बेहतरीन बाई के रिश्तेदार शहर के मानिकपुर में निवासरत है। शनिवार को पारिवारिक कार्यक्रम आयोजित था। वृद्धा बेहतरीन बाई गांव के युवक देवराज 19 के साथ एक्टिवा सीजी.12.बीएफ.0102 में सवार होकर कार्यक्रम में शामिल होने आई थी। रविवार की सुबह वृद्धा देवराज के साथ एक्टिवा बैठकर वापस गांव लौट रही थी। सुबह करीब 7 बजे वे कोरबा चांपा रोड पर कोथारी के आगे नवलपुर नाका पहुंचे थे। उसी दौरान चांपा से अंबिकापुर जा रही पिकअप के चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए उन्हें चपेट में ले लिया।

मृतका बेहतरीन बाई के रिश्तेदारों ने बताया कि सुबह वह जल्दी उठ गई थी। फिर वापस गांव जाने की तैयारी कर रही थी। तब उन्होंने उसे कहा कि अभी ठंड ज्यादा है थोड़ी देर रुक कर आराम से चले जाना। तब वृद्धा ने कहा कि गांव में कई सारे काम हैं, सुबह जल्दी पहुंचकर उसे पूरा कर लूंगी, लेकिन चांपा पहुंचने से पहले ही हादसा हो गया। उरगा थाना प्रभारी निरीक्षक सनत सोनवानी ने बताया कि पिकअप चालक के लापरवाहीपूर्वक व तेज रफ्तार वाहन चलाने से हादसा हुआ। वृद्धा की मौत हुई है। पिकअप चालक मौके से भाग गया। उसके खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। दुर्घटनाकारित पिकअप को जब्त कर थाने में खड़ा करा दिया गया है।

# गौठानों में बड़े पैमाने पर सब्जी उत्पादन का मिल रहा है मौका, हो रही है कमाई

- गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ में प्रदेश के युवाओं और महिलाओं की होगी महत्वपूर्ण भूमिका - मुख्यमंत्री
- मझगवां गौठान में महिलाएं कर रही मटर, बैंगन आलू और भाजी की खेती, 5 महीनों में ही मिला 45 हज़ार का शुद्ध लाभ



**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने कहा है कि गौठानों द्वारा खुद की जमा पूंजी से गोबर खरीदना गोधन न्याय योजना की बड़ी सफलता है। प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों के आधे से अधिक गौठान स्वयं के संसाधनों से गोबर की खरीदी कर रहे हैं। राज्य शासन को इन गौठानों को गोबर खरीदने के लिए राशि देने की आवश्यकता नहीं पड़ती है। गोधन न्याय योजना के तहत राज्य में हितग्राहियों को 376 करोड़ 50 लाख रूपए का भुगतान किया जा चुका है। योजनांतर्गत कोरिया जिले में विकासखण्ड बैकुण्ठपुर के मझगंवा गौठान की प्रगति महिला स्व सहायता समूह की 03 महिलाएं बाड़ी का कार्य कर अपनी आर्थिक स्थिति को सुदृढ कर रहीं हैं। साथ ही अन्य महिलाओं के लिए भी प्रेरणास्रोत बन रहीं हैं। बाड़ी विकास से बड़े पैमाने पर सब्जी उत्पादन, हो रही है कमाई

समूह की अध्यक्ष शमशुन निशा बताती हैं कि समूह के गठन से वे गौठान में विभिन्न गतिविधियों से जुडक़र कार्य कर रहीं हैं। उन्होंने बताया कि वर्तमान में समूह में 10 सदस्य हैं, जिनमें से 03 महिला सदस्यों के द्वारा बाड़ी विकास का कार्य किया जा रहा है। समूह की सचिव अंजुलता ने बताया कि हम पहले ही घरों में छोटे स्तर पर आवश्यकतानुसार सब्जियां लगाते थे, और जब गौठान में बड़े पैमाने पर समूह की महिलाओं के साथ मिलकर काम करने का मौका मिला तो पहले की प्रैक्टिस से ये काम और आसान हो गया। उन्होंने बताया कि विगत 5 महीनों से हम बाड़ी विकास का कार्य कर रहें हैं। 25 हजार की लागत से बाड़ी विकास का काम शुरू किया। वर्तमान में यहां मटर, बैगन, मूली, आलू तथा भाजी लगाए गए हैं। जिसका विक्रय कर महिलाओं को 45 हजार रुपये तक का शुद्ध लाभ हुआ है और लगातार मुनाफा बढ़ रहा है। स्थानीय बाज़ारों में ही सब्जियों की खपत हो जाती है। महिलाएं कहती हैं कि जब से हम यह कार्य कर रहीं हैं अच्छी आमदनी से आर्थिक रूप से सशक्त होकर घर-परिवार की ज़रूरतों को पूरा कर पा रहीं हैं।

# व्यायाम शिक्षक रविन्द्र पटनायक निलंबित

- संभाग स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक में स्तरहीन और कम मात्रा में भोजन दिए जाने की शिकायत पर कलेक्टर ने की कार्यवाही

**जगदलपुर (आरएनएस)।** कलेक्टर चंदन कुमार ने जगदलपुर में पिछले दिनों आयोजित दो दिवसीय छत्तीसगढिय़ा ओलंपिक में स्तरहीन और कम मात्रा में भोजन दिए जाने की शिकायत पर कार्यवाही करते हुए व्यायाम शिक्षक रविन्द्र पटनायक को निलंबित कर दिया है। उल्लेखनीय है कि सात और आठ दिसंबर को जगदलपुर के लालबाग में संभाग स्तरीय छत्तीसगढिय़ा ओलंपिक का आयोजन किया गया था, जिसमें संभाग भर से लगभग दो हजार खिलाड़ी और सहायक स्टाफ शामिल हुए। तहसीलदार, जगदलपुर जिला बस्तर से प्राप्त प्रतिवेदन के अनुसार रविन्द्र पटनायक, व्यायम शिक्षक (एल.बी.) कार्यालय शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, तितिरगांव जनपद् पंचायत, जगदलपुर जिला बस्तर संलग्न कार्यालय संयुक्त संचालक, लोक शिक्षण बस्तर संभाग, जगदलपुर द्वारा संभाग स्तरीय छत्तीसगढिय़ा ओलम्पिक खेल 2022-23 के लिए बस्तर संभाग से आने वाले आगन्तुकों एवं खिलाडिय़ों को समय पर एवं सही मात्रा में भोजन उपलब्ध नहीं कराये जाने तथा गुणवत्ताहीन भोजन उपलब्ध कराने के फलस्वरूप छ.ग. सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपील) 1966 के नियम 9 (1) (क) के तहत् रविन्द्र पटनायक, व्यायम शिक्षक (एल.बी.) कार्यालय शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, तितिरगांव जनपद पंचायत, जगदलपुर जिला बस्तर को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में रविन्द्र पटनायक व्यायम शिक्षक (एल.बी.) का मुख्यालय कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी जगदलपुर निर्धारित किया गया है तथा निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह

# फांसी लगा रहे वृद्ध को 112 की टीम ने समझाया

**कोरबा (आरएनएस)।** पारिवारिक विवाद के बाद घर पर फांसी लगा रहे 70 वर्षीय वृद्ध को 112 की टीम ने समझाइश देकर रोका और उसे बचा लिया। पाली थाना अंतर्गत मादन गांव के सरसापारा निवासी वृद्ध धन सिंह 70 का घर में परिवार वालों के साथ वाद-विवाद हो गया। वृद्ध गुस्से में घर पर फांसी का फंदा तैयार करने लगा। उसी दौरान परिजन ने उसे समझाइश दी, लेकिन वह नहीं माना। तब डायल 112 में सूचना देकर मदद मांगी गई। 112 की टीम मौके पर पहुंची तो वृद्ध ने फांसी का फंदा गले में डाल लिया था। जिसे उन्होंने समझाइश देकर

# विवाह समारोह से लौट रहे परिवार का लापता कार कुएं में मिली, चार का शव बरामद

**कांकेर (आरएनएस)।** जिले के गोविंदपुर विवाह समारोह से लौट रहे ओड़िशा के उमरकोट निवासी नायब तहसीलदार और पत्नी सहित चार लोग अचानक लापता हो गए। चारो पिछले दो दिनों से लापता थे, जिनकी तलाश कांकेर पुलिस कर रही थी। लापता की तलाश में पुलिस अलग-अलग जगहों पर सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही थी। ताकि हाईवे से गायब कार का कहीं से सुराग मिल पाए। इसी बीच जंगलवार कॉलेज के नजदीक कुएं में कार गिरने की सूचना मिली। सोमवार की सुबह क्रेन और जेसीबी वाहनों के जरिए कुएं से कार को बाहर निकाला गया, कार से लापता चारों



का शव पुलिस ने बरामद कर लिया है। कांकेर के एडिशनल एसपी अविनाश ठाकुर ने बताया कि कार को कुएं से बाहर निकाल लिया गया है, कार से लापता लोगों के शव बरामद कर लिए गये हैं। कार व शव की पहचान परिजनों ने की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ओडिशा उमरकोट निवासी नायाब तहसीलदार सपन सरकार 66 वर्ष अपनी पत्नी रीता सरकार 50 वर्ष के साथ अपनी बड़ी बहन के बेटे की शादी में 06 दिसंबर को कांकेर के गोविंदपुर आये थे। 10 दिसंबर को रिशेप्शन में शामिल होने के बाद अपनी कार से कोंडागांव निवासी विश्वजीत अधिकारी (रिश्ते में साला) व एक परिचित हजारी लाल ढाड़ी 67 वर्ष के साथ कोंडागांव के लिए रवाना हुए। जब काफी रात तक भी कोंडागांव नहीं पहुंचे तो परिजनों ने मोबाइल से तपन और रीता के मोबाइल पर कॉल किया। सभी का मोबाइल नहीं लगने पर तपन के बेटे उन्हें खोजने के लिए 10 दिसंबर शनिवार की रात निकले। काफी खोजबीन के बाद में भी उनका पता नहीं चला तो कांकेर पुलिस में इसकी शिकायत की गई।

परिजनों की रिपोर्ट के बाद से ही पुलिस अलग-अलग जगहों पर सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही थी। ताकि हाईवे से गायब कार का कहीं से सुराग मिल पाए। इसी बीच जंगलवार कॉलेज के पास कुएं में कार गिरने की सूचना मिली। क्रेन और जेसीबी वाहनों के जरिए कुएं से कार को बाहर निकाला लिया गया है। विवाह समारोह से लौटने के दौरान गायब हुए नायब तसीलदार और उनके परिवार का शव कार से बरामद कर लिया गया है। विदित हो कि सडक़ किनारे एक कुंआ जंगलवार कॉलेज के सामने सडक़ के किनारे है, जिसमे मुंडेर नहीं बनी है। आशंका है कि कार की रफ्तार तेज रही होगी, किसी अन्य वाहन को साइड देने के लिए कार को सडक़ के किनारे उतारने की कोशिश की गई होगी, जिसके बाद कार अनियंत्रित होकर सडक़ किनारे उतरी और फिर सीधे कुंआ में जा गिरी, यह संभावना व्यक्त की जा रही है।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### तेज रफ्तार ट्रेलर ने बाइक में ससुराल जा रहे पति पत्नी को लिया चपेट में, दोनों की मौत

**खरसिया (आरएनएस)।** खरसिया थाना क्षेत्र से एक सडक़ हादसे की खबर सामने सामने आई है जहां बाइक में सवार होकर ससुराल जा रहे पति पत्नी को तेज रफ्तार टेलर ने अपने चपेट में ले लिया जिससे दोनों की मौत हो गई घटना खरसिया के ग्राम देवरी के पास की है। इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक खरसिया के जोबी चौकी क्षेत्र के ग्राम बर्रा निवासी मनोज राठिया और उनकी पत्नी भगवती बाई राठिया दोनों 10 दिसंबर शनिवार को रात करीब 10:30 बजे बाईक क्र. सीजी 13 यूई 3593 में सवार होकर अपने ससुराल गांव चोढ़ा जा रहे थे। तभी ग्राम देहजरी सियाराम पेट्रोल पंप के पास रात करीब 11 बजे पहुंचे ही थे की, चोढ़ा तरफ से तेज रफ्तार ट्रेलर क्र. सीजी 04 एमयू 9545 ने लापरवाही पूर्वक बाईक सवार पति-पत्नी को अपनी चपेट में ले लिया। ट्रेलर चालक की लापरवाही से पति-पत्नी की मौत हो गई। बताया जा रहा है की मनोज राठिया ग्राम खम्हार में शिक्षक थे और उनकी पत्नी भगवती बाई राठिया आंगनबाड़ी कार्यकर्ता थी। फिलहाल, घटना की सुचना पर खरसिया पुलिस ने ट्रेलर क्र. सीजी 04 एमयू 9545 के चालक के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया है और आगे की कार्यवाही की जा रही है।

### साढ़े 58 लाख की ठगी, धोखाधड़ी का मामला दर्ज

**रायपुर (आरएनएस)।** रियो कॉम्पलेक्स सीडीपीएल सर्विस प्राइवेट लिमिटेड रायपुर में सुरक्षा निधि का भुगतान ना कर 58 लाख 50 हजार की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी अनिल कुमार बंछोर 52 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि सूर्या रेसीडेंसी सुपेला भिलाई दुर्ग के आरोपी सूरज विश्वकार्म एवं देव सिन्हा ने प्रार्थी को फाइबर ऑप्टिकल तार बिछाने का काम दिया थाा। जिसका भुगजान 40 लाख 50 हजार रुपए एवं सुरक्षा निधि 18 लाख रुपए ना देकर धोखाधड़ी किया। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 420, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### युवक से मारपीट कर एक्टिवा में लगाई आग

**रायपुर (आरएनएस)।** वाल्मिकी नगर कबीरनगर में पुरानी रंजिश के चलते तीन युवकों ने एक युवक से गाली-गलौज कर मारपीट करते हुए एक्टिवा में आग लगा दिया। प्रार्थी की शिकायत पर कबीरनगर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार वाल्मिकी नगर कबीरनगर निवासी प्रार्थी राहुल गेंड्रे 22 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी शेख अरमान, शेख इस्लाम व अनुराग रक्सेल ने पुरानी रंजिश के चलते प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किए और उसकी एक्टिवा वाहन में आग लगा दिए। प्रार्थी की शिकायत पर कबीरनगर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 323, 435, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### बोलेरो की टायर फटने से गाड़ी तालाब में जा घुसी, युवक की मौत

**पाटन (आरएनएस)।** पाटन ब्लाक के जामगांव आर थाना अंतर्गत जामगांव आर में ही रविवार को दो सडक़ दुर्घटना हुई। जिसमें एक युवक की मौत हो गई। पहली घटना बीती रात की है जिसमें जामगांव से गुंडरदेही मार्ग में रात को एक तेज रफ्तार बोलेरो कार अनियंत्रित होकर जामगांव आर के डोंगिया तालाब में जा घुसी, जिसमें 25 वर्षीय वाहन चालक सुमन सिन्हा पिता किशुन लाल सिन्हा कसोंदा निवासी की मौके पर मौत हो गई। स्थानीय ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी तब जेसीबी से वाहन को तालाब से बाहर निकाला गया। शव का पंचनामा कर पोस्मार्टम उपरांत अंतिम संस्कार के लिये मृतक का शरीर परिजनों को सौंपा गया। बताया गया कि बोलेरो के सामने टायर फटने से गाड़ी अनियंत्रित होकर तालाब में घुसी थी जिससे यह घटना हुई।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी टाकुन्दे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य क्षेत्र में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक नीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा सैद्धान्तिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU